बाबा– उनके संस्कार, कृष्ण वाली आत्मा के संस्कार, रामवाली आत्मा के संस्कार मिल करके अठारह में एक हो जाते हैं। मतलब विष्णु जो है वो 18 में प्रत्यक्ष होना है। तो दानों आत्माओं के संस्कार भी मिलकरके एक होने है। तो जो संस्कार मिल करके एक हो जाते है

तो शरीर भी तो एक चाहिये पार्ट प्ले करने के लिये। तो एक ही शरीर है, 18 के बाद। रामवाली आत्मा भी बीज रूपी स्टेज में कृष्णवाली आत्मा भी बीजरूपी स्टेज में। दोनों के द्वारा पार्ट चलता है।
Baba: The *sanskars* of both of them, the *sanskars* of the soul of Krishna and the *sanskars* of the soul of Ram combine to become one in 2018. It means, Vishnu is to be revealed in (20)18. So, the *sanskars* of both the souls have to combine together to become one as well. So, when the *sanskars* combine to become one, then to play the part the body should also be one. So, after (20)18 the body is the same. The soul of Ram as well as the soul of Krishna will be in a seed-form stage. The part is played through both of them.

जिज्ञासु– तो ये जो कहा गया है.....
बाबा– इसलिये कम्बाइंड बापदादा कहा जाता है। उसमें राम वाली आत्मा भी कम्बाइंड है कृष्णवाली आत्मा भी कम्बाइंड है। तुम बच्चे दोनों को अलग–अलग करेंगे वो फिर मिल करके एक हो जावेंगे। लड़ाई करते हैं रामकृष्ण के फालाअर्स। धूप नहीं लेने देते।
जिज्ञासु– तो ये जो कहा गया है (कि) 50 वर्ष कम हो जाते हैं, ये कृष्ण वाली आत्मा के लिये ही कहा गया है?
बाबा– और भी आत्मायें हैं। कोई कृष्ण वाली आत्मा अकेली थोडे ही है।
Student: So, whatever that has been said…
Baba: That is why, it is said 'combined Bapdada'. In that (one body) the soul of Ram as well as the soul of Krishna is combined. You children will separate both of them and they will combine again to become one. The followers of Ram and Krishna fight (for no reason). They do not allow each other to even smell the fragrance of *dhoop* (incense).
Student: So, the statement that has been said: 50 years are reduced, has it been said only for the soul of Krishna?
Baba: There are other souls too. It is not just for the soul of Krishna.

समय– 34.20–37.22
जिज्ञासु– और एक प्रश्न ये बी.के. इन्फो पे विदेशियों द्वारा बार–बार` पूछा जाता है कि पहले तो मुरलियों में आता था 500 करोड़, फिर अब जो है जनसंख्या हो गई है 700 करोड़ तक। तो उसका हमने तो एड़वांसड़ नालेज के आधार पर ये बताया है कि जो 200 करोड़ हैं वो मनन–चिंतन–मंथन करनेवाली आत्मायें नहीं है। वो मच्छरों सदृश वापस जाने वाली आत्मायें हैं। तो उनको इस बात से बुरा लगता है कि जो अभी 700 करोड़ आत्मायें हैं उनमें से आप 200 करोड़ आत्माओं को मच्छरों सदृश बोल देते हो।
Time: 34.20-37.22
Student: And another question that is repeatedly asked by the foreigners on BKInfo is that earlier 500 crores (5 billion) used to be mentioned in the *Murlis* (as the total world population). But now the population has reached 700 crores (7 billion). So, on the basis of the advance knowledge we have told them that the 200 crores (2 billion) (over and above the 500 crores) are the souls that do not think and churn. They are the souls who will return (to the soul world) like mosquitoes. So, they feel bad that among the 700 crore (7 billion) souls that exist now, you term 200 crores to be like mosquitoes.

बाबा– तो? हैं नहीं ऐसी? भगवान को पहचानती हैं क्या? भगवान के ज्ञान को स्वीकार करती हैं क्या?
जिज्ञासु– स्वीकार तो नहीं करती।
बाबा– नहीं करती हैं तो मच्छरों सदृश है ना।
जिज्ञासु– लेकिन अभी जो............................

बाबा– मनुष्य तो नहीं हैं कम से कम। जानवर होंगे।
जिज्ञासु– लेकिन वो कहते हैं कि जो....।
Baba: So what? Are they not like that? Do they recognize God? Do they accept God's knowledge?
Student: They certainly do not accept it.
Baba: If they do not (accept) it then they are like mosquitoes, aren't they?
Student: But now…
Baba: At least they are not human beings. They must be animals.
Student: But they say that those….

बाबा– जो कहते हैं वो ये पक्का करें कि हम वो ही कीड़े मकोड़े वाली आत्मा हैं, ये कैसे साबित करेंगे? वो नेगेटिविटी अपने अंदर लाते क्यों हैं? वो ये क्यों नहीं सोचते कि हम तो सतयुग त्रेता की आत्मा हैं?
जिज्ञासु– वो ये कह रहे हैं कि आप हमारा अपमान कर रहे हो।
बाबा– निगेटिविटी। अपमान की बात तो तब पैदा होती है जब तुम पहले साबित करके दिखाओ कि हम यही आत्मा है। अरे राम–कृष्ण वाली आत्मायें भी तो अभी साबित नहीं कर पा रही हैं अपने आपको। जगदम्बा वाली आत्मा भी अपने को साबित नहीं कर पा रही है। सात नारायण भी सारा ज्ञान प्रत्यक्ष होते हुये भी अपने पार्ट को अभी स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। तुमको अपनी आत्मा का ज्ञान कैसे हो गया कि हम लास्ट वाली आत्मा हैं?
Baba: Those who say like this should prove that they are those very insects and spider like souls (last 200 crore human souls). How will they prove this? Why do they bring the negativity in themselves? Why don't they think that they are souls from the Golden Age and the Silver Age?
Student: They are saying: you are insulting us (by calling us mosquitoes).
Baba: (It is) Negativity. The question of insult arises when first of all they prove that they are these (insects and spiders like) souls. Arey, even the souls of Ram and Krishna are unable to prove themselves now. The soul of *Jagdamba* too is unable to prove herself. Even though the entire knowledge is revealed, the seven Narayans are unable to accept their parts. How did they come to know about their souls that they are the last souls?

जिज्ञासु– वो भी...............
बाबा– वाह भैया, जबरदस्ती है क्या? अपमान थोपने वाली बात है। पहले अपने को साबित तो करो कि हम लास्ट वाली आत्मा हैं। साबित किया नहीं और ऐसे ही जबरदस्ती। हमारा अपमान कर दिया।
जिज्ञासु –एक और प्रश्न ये है कि भक्तिमार्ग में कई ऐसे हैं जो..............
बाबा – उन आत्माओं को तो अपनी अनुभूति तब होगी जब 500 करोड़ को अनुभूति हो जायेगी अपने स्वरूप की।
जिज्ञासु– तब वो बाकी 200 करोड़..........................
Student: They too…
Baba: Very good brother, is it compulsory? (They are deliberately) imposing the charge of insult (on us). First of all, they should prove that they are among the last (ranked) souls. They haven't proved and they are simply charging us of having been insulted by us.
Student: And one more question is, in the path of devotion there are many such who……….
Baba: Those souls will realize themselves (their part) when the 500 crores have realized their form.
Student: Then the remaining 200 crores (will realize their form).

बाबा– दुनिया में भी जो बड़े भाई होते हैं वो छोटे भाइयों को थपडयाते रहते हैं। अपमान हो गया ये? थपडयाते रहते हैं कि नही?
जिज्ञासु– मारते तो हैं। कोई गलती करते हैं तो।
बाबा– हां, फिर? बड़ा भाई बाप समान कहा जाता है। अपमान महसूस हो रहा है। कर्म ऐसे करो। बडे भाई बनो।
Baba: Even in the world the elder brothers keep slapping the younger brothers. Is it an insult? Do they keep slapping or not?
Student: They do slap, if someone commits a mistake.
Baba: Yes, then? Elder brother is said to be equal to the father. They are feeling insulted. (If they are feeling insulted then) Perform such (worthy) actions (and) become elder brothers.

समय– 37.24–38.45
जिज्ञासु– एक और प्रश्न ये कि भक्तिमार्ग में कई ऐसे लोग है जो बिल्कुल दिल से भक्ति करते हैं, नियमपूर्वक और उनकी धारणा भी बहुत अच्छी है। जैसे कई हैं जो बिल्कुल मतलब अमृतवेला उठ के मंदिर जाते हैं, भक्ति करते हैं।
बाबा–हैं।
जिज्ञासु– जबकि ज्ञान में चलने वाले कई ऐसे है जो न अमृतवेला करते हैं न क्लास करते हैं। न ही उनकी धारणा अच्छी है। तो दोनों में से किनको अच्छा कहेंगे? भक्ति वालों को या................?
बाबा– जो तुरंत के उतरे हुये परमधाम से नीचे आये हैं वो सतोप्रधान होंगे या जो 5000 वर्ष पहले नीचे आये थे सृष्टि पर वो सताप्रधान होंगे?
जिज्ञासु– जो अभी–अभी आये है।
Time: 37.24-38.45
Student: One more question is that in the path of devotion, there are many such people who perform *bhakti* from their hearts in accordance with the rules and their *dhaarna* (inculcation) is very good as well. Like there are many who wake up at *amritvela* (before dawn) and go to the temple and do *bhakti*.
Baba: Hum.
Student: Whereas among those who follow the knowledge, there are many such people who neither do *amritvela* nor attend class, nor is their *dhaarna* (inculcation) good. So, who will be said to be better between them? Will they be those doing *bhakti* or…?
Baba: Will those who have recently descended from the Supreme Abode be *satopradhan* (consisting mainly in the quality of goodness and purity) or those who had come down to the world 5000 years ago be *satopradhan*?
Student: Those who have come just now (from the Supreme Abode).

बाबा– प्रश्न ख्त्म हो गया। किसको श्रेष्ठ कहेंगे आप? जो सृष्टि रूपी रंगमंच पर 5000 वर्ष पहले नीचे उतरे थे और देवता थे, 16 कला संपूर्ण थे वो ऊँचे हैं या जो ये अभी अभी उतर रहे हैं, अभी–अभी भक्ति कर रहे हैं, व्यभिचारी भक्ति कर रहे हैं वो श्रेष्ठ हैं? किसको श्रेष्ठ कहेंगे?
जिज्ञासु– अभी के हिसाब से......................
बाबा– प्रश्न करनेवालों की आत्मिक स्थिति तो रहती नहीं है। आत्मिक स्वरूप में दूसरों को देखते नहीं हैं। देहभान में रह करके प्रश्न कर रहे हैं तो सारे उल्टे–उल्टे प्रश्न आते हैं।
Baba: The question itself has ended. Whom will you term greater? Are those, who had descended on the stage-like world 5000 years ago and were deities, were perfect in 16 celestial degrees, greater or those who are just descending, doing *bhakti* just now, doing adulterated *bhakti* , greater? Who will be called greater?

Student: From the present point of view……………………..
Baba: Those who raise questions do not remain in soul conscious stage. They do not see others in a soul conscious form. They are raising questions while being in body consciousness. So, all the questions that emerge are opposite.

समय– 38.51–39.50
जिज्ञासु– और किसी पी.बी.के. ने ये प्रश्न पूछा है कि एक वी.सी.डी. 287 में कहा गया है कि झूठै लेना, झूठै देना, झूठै भोजन, झूठै चबैना।
बाबा– झूठ चबैना।
जिज्ञासु– क्या इसकी शूटिंग बीजरूपी दुनिया में भी होगी?
बाबा– क्यों नहीं होगी? बीजरूप में जो नहीं होगा वो दुनिया में भी नहीं होगा। जो बीजरूप में होगा वो सारी दुनिया में होगा। अच्छे से अच्छे देखना हो तो यहां देखो। और बुरे से बुरा देखना हो तो यहां देखो।
Time: 38.51-39.50
Student: And a PBK has raised a question that in VCD.No.287 it has been said, *'jhoothai lena, jhoothai dena, jhoothai bhojan, jhoothai chabaina.'* (whatever we take is false, whatever we give is false, whatever we eat is false, whatever we chew is false)
Baba: *Jhooth chabaina* (whatever we chew is false)
Student: Will this shooting take place in the seed-form world too?
Baba: Why not? Whatever does not happen in the seed-form (world) will not happen in the (outside) world either. Whatever happens in the seed-form world will happen in the entire world. If you want to see the best, look here (in the Brahmin world). And if you want to see the worst, look here (in the Brahmin world).

जिज्ञासु– बाबा उनका ये प्रश्न है कि जब शिवबाबा यहां डायरेक्ट पालना दे रहे हैं..................
....
बाबा– तो?
जिज्ञासु– तो फिर ऐसी....................
बाबा– शिवबाबा डायरेक्ट पालना दे रहे हैं तो शिवबाबा के बच्चे अच्छे–बुरे नहीं होते हैं? शिवबाबा के स्टूडेन्ट अच्छे और बुरे, दोनों तरीके के नहीं होते हैं? स्टूडेंट्स अच्छे से अच्छे भी होते हैं खराब से खराब भी होते हैं। बच्चे अच्छे से अच्छे भी होते हैं, खराब से खराब भी होते हैं। तो सारी दुनिया के बीज हैं तो बीजों में तो हर प्रकार के बीज चाहिये ना।
जिज्ञासु– हां जी।
Student: Baba, their question is, when Shivbaba is giving direct sustenance here…
Baba: So?
Student: So, then such…
Baba: If Shivbaba is giving direct sustenance, then aren't Shivbaba's children both good and bad? Are Shivbaba's students not of good and bad types? There are best as well as worst students. There are best as well as worst children. So, when they are the seeds of the entire world, there should be every kind of seed among the seeds, shouldn't there?
Student: Yes.

समय– 39.54–40.40
जिज्ञासु– और एक और प्रश्न ये है कि बाप, टीचर, सद्गुरू तीनों का पार्ट एक ही रथ द्वारा चलता है। ये ऐसा मुरली में आया है।
बाबा– ठीक है।
जिज्ञासु– लेकिन क्या ये एक ही समय पर चलता है या अलग–अलग समय पर चलता है?

बाबा– अलग–अलग ही होगा ना। टीचर का पार्ट 76 से पहले था क्या? एक समय कैसे हुआ?
Time: 39.54-40.40
Student: Another question is, the part of father, teacher and *sadguru* is played through the same chariot. It has been mentioned in the *Murli* like this.
Baba: It is correct.
Student: But is it played at the same time or at different times?
Baba: It will certainly be at different times, won't it? Was there the teacher's part before 1976? How can it be at the same time?

जिज्ञासु– तो क्या ऐसा भी एक टाइम आयेगा संगमयुग में जब ये तीनों पार्ट एक साथ भी बजाये जायेंगे?
बाबा– बाप तो चला जायेगा – ये भी तो टाइम होगा।
जिज्ञासु– हां जी।
बाबा– हैं? फिर? टीचर का काम भी पूरा हो जायेगा। पढ़ाई पूरी हुई। अब खाओ सजा।
जिज्ञासु– सतगुरू का ही काम बचेगा।
बाबा– हां।
Student: So, will such time also come in the Confluence Age when all these three parts will be played simultaneously?
Baba: There will also be one such time when the Father will depart.
Student: Yes.
Baba: Hum? Then? The task of the teacher will also be over. Your study is over. Now suffer punishments.
Student: Only the task of the *Sadguru* will remain.
Baba: Yes.

समय– 40.45–44.10
जिज्ञासु– और एक और प्रश्न....
बाबा– इन प्रश्नों से एसा लगता है कि आत्माओं को थोड़ा–थोड़ा आभास होता जा रहा है कि हम किस किस्म की आत्मायें हैं? पक्की निश्चयात्मक बुद्धि नहीं है लेकिन अंदर से बिना प्रूफ और प्रमाण के भी स्वीकार कर रहे हैं। पूर्व जन्मों के संस्कारों के आधार पर।
Time: 40.45-44.10
Student: And another question…
Baba: It appears from these questions that the souls have started feeling, what kind of souls they are. They don't have a firm faithful intellect, but in their thoughts they are accepting even without proofs on the basis of the *sanskars* of their past births.

जिज्ञासु– और एक और प्रश्न ये आया था कि यदि राम वाली आत्मा ही संगमयुगी कृष्ण और संगमयुगी नारायण है।
बाबा– रामवाली आत्मा कहां है? राम वाली आत्मा राम वाली आत्मा रहती है, बाप का ही पार्ट बजाती है अंत तक। मनुष्य सृष्टि का बाप तो एक ही रहेगा या वो कृष्ण बन जायेगा? शरीर है एक। बापदादा का शरीर एक है लेकिन आत्मायें पार्ट बजाने वाली दोनों अलग–अलग हैं।
जिज्ञासु– तो संगमयुगी कृष्ण अलग है। संगमयुगी नारायण.........................

Student: And another question that was raised, if the soul of Ram himself is the Confluence Age Krishna and the Confluence Age Narayan…
Baba: Is it the soul of Ram? The soul of Ram remains the soul of Ram; it plays only the part of the father up until the end. Will the father of the human world remain only one or? The body is the same. Bapdada's body is one, but both the souls which play the part are different.
Student: So, the Confluence Age Krishna is different. The Confluence Age Narayan................

बाबा– कृष्ण की आत्मा अलग है। पर्सनाल्टी एक है। लेकिन आत्मायें अलग–अलग हैं पार्ट प्ले करने वाली। ऐसे नहीं कि प्रजापिता वाली आत्मा और शिव की आत्मा दोनों का पार्ट अलग–अलग नहीं है संगमयुग में। एक ही पार्ट है या अलग–अलग पार्ट है?
जिज्ञासु– अलग–अलग।
बाबा– पार्ट अलग–अलग है लेकिन शरीर?
जिज्ञासु– एक ही है।
बाबा– शरीर एक ही है। ऐसे ही कृष्ण वाली आत्मा भी ऐसी बीज रूपी स्टेज धारण कर लेगी, कि उसी साकार शरीर से पार्ट बजाती है। रामवाली आत्मा भी उसी साकार शरीर से पार्ट बजाती है।
Baba: The soul of Krishna is different. The personality is the samebut the souls that play the part are different. It is not that the part of the soul of Prajapita and the soul of Shiv is not different in the Confluence Age. Is the part same or different?
Student: It is different.
Baba: The part is different, but what about the body?
Student: It is the same.
Baba: The body is the same. Similarly, the soul of Krishna will also achieve such seed-form stage; that it plays the part through the same corporeal body. The soul of Ram also plays the part through the same corporeal body.

जिज्ञासु– तो कृष्ण वाली आत्मा ही संगमयुगी कृष्ण का भी पार्ट बजायेगी?
बाबा– बिल्कुल, आत्मा तो एक ही है, नहीं शरीर तो एक ही है आत्मायें दो हैं।
जिज्ञासु– और रामवाली आत्मा संगमयुगी नारायण बनेगी।
बाबा– ठीक है।
जिज्ञासु– तो उनका ये प्रश्न है कि जब संगमयुगी नारायण मतलब रामवाली आत्मा को संगमयुगी नारायण बनना है तो आदि में जो है शिव ने कृष्ण वाली आत्मा को नारायण का साक्षात्कार क्यों करवाया?
बाबा– क्योंकि बच्चा था। बच्चा बुद्धि है 63 जन्मों से। जो पवित्र आत्मायें होती हैं उनको साक्षात्कार कराया जाता है या जो चाणी बुद्धि वाली होती हैं उनको साक्षात्कार कराया जाता है?
जिज्ञासु– (जो) पवित्र आत्मायें हैं।
Student: So, will the soul of Krishna play the part of Confluence Age Krishna as well?
Baba: Definitely, the soul is the same; no, the body is the same, the souls are different.
Student: And the soul of Ram will become the Confluence Age Narayan.
Baba: It is correct.
Student: So, his question is, when the Confluence Age Narayan, i.e. the soul of Ram has to become the Confluence Age Narayan, then, why did Shiv have the soul of Krishna experience vision of Narayan in the beginning?
Baba: Because he was a child. He has been with a child-like intellect for 63 births. Are visions caused to the souls who are pure or are they caused to those who are more intelligent?

Student: (Those) who are pure souls.

बाबा– तो राम, कृष्ण दोनों आत्माओं में से महात्मा कौन है? बच्चा बुद्धि कौन है?
जिज्ञासु– कृष्ण वाली आत्मा।
बाबा– फिर? उसको साक्षात्कार होता रहा। जो ज्ञानी तू आत्मायें है उनको साक्षात्कार की क्या दरकार है? ज्ञानी तू आत्मा साक्षात्कार के ऊपर विश्वास करेगी?
जिज्ञासु– नहीं।
बाबा– स्वप्न और साक्षात्कारों की बातों को तो वो लोग मानते हैं जिनका अंधश्रद्धा, अंधविश्वास ज्यादा चलता रहा है 63 जन्मों में।
Baba: Who is *mahatma* (noble soul) between the souls of Ram and Krishna? Who is of a child-like intellect?
Student: The soul of Krishna.
Baba: Then? He continued to experience visions. There is no need of visions for the knowledgeable souls Will a knowledgeable soul believe in visions?
Student: No.
Baba: The people, who have been following blind faith more, for 63 births believe in dreams and visions.

समय– 44.15–45.20
जिज्ञासु– और एक और प्रश्न ये आया है कि कई संदेशों में ये आता है 1969 के बाद जो संदेश आये हैं गुलजार दादी के द्वारा या दूसरी संदेशियों के द्वारा कि सूक्ष्मवतन में हमने शिवबाबा और ब्रह्मा बाबा को देखा।
बाबा– हां।
जिज्ञासु– तो ब्रह्मा बाबा तो दादा लेखराज हो गये। और शिवबाबा को देखा तो वो किस स्वरूप को देखते हैं वो?
Time: 44.15-45.20
Student: And another question that has been asked is, it is mentioned in many (trance) messages which have been delivered after 1969 through *Gulzar Dadi* or other trance-messengers (*sandeshis*) that they saw Shivbaba and Brahma Baba in the subtle world.
Baba: Yes.
Student: So, Dada Lekhraj happens to be Brahma Baba. And when they saw Shivbaba; which form do they see?

बाबा– यज्ञ के आदि के स्वरूप को ही देखते हैं।
जिज्ञासु– यज्ञ के आदि में जो प्रजापिता का पार्ट जिसने बजाया।
बाबा– हां। नीचे आके भूल जाता है। क्योंकि उनका जन्म–जन्मांतर का कनेक्शन ही नहीं है। इसलिये भूल जाता है। ब्रह्मा बाबा याद बना रहता है।
जिज्ञासु– अच्छा।
बाबा– हां। जो साक्षात्कार करने वाले हैं या सूक्ष्म वतन में जाने वाली आत्मायें हैं उनका वो कनेक्शन कोई का राम की आत्मा के साथ ज्यादा जन्मों का कनेक्शन है। कोई का कृष्ण की आत्मा के साथ ज्यादा कनेक्शन है। कोई ऐसी भी हैं जिनका दोनों के साथ कनेक्शन है।
Baba: They certainly see the form that was present at the beginning of the *yagya*.
Student: The one who played the part of Prajapita in the beginning of the *yagya*.
Baba: Yes. They forget it when they come down (from the subtle world) because they don't have connection at all (with the soul of Prajapita) for many births. That is why they forget it. Brahma Baba remains in their memory.
Student: I see.

Baba: Yes. Some of those who experience visions or the souls who go to the subtle world have a connection for many births with the soul of Ram and some have more connection with the soul of Krishna. There are some such souls who have connection with both of them.

समय– 45.22–46.32
जिज्ञासु– और 29.10.99 की एक मुरली में कहा गया है कि बाप क्रियेटर, डायरेक्टर और मेन एक्टर हैं। तो ये तीनों किस पर लागू होता है?
बाबा– क्रियेटर किसको कहा जाता है? हिन्दी में क्रियेटर रचयिता को कहा जाता है।
जिज्ञासु– हां जी।
बाबा– जो रचयिता होता है वो साकार होगा या निराकार होगा?
जिज्ञासु– साकार होगा।
बाबा– रचयिता भी साकार और रचना भी साकार।
जिज्ञासु– तो ये तीनों साकार पर ही लागू होते हैं।
बाबा – डायरेक्टर भी। डायरेक्टर पर्दे के पीछे काम करता है। तो दुनिया की नजरों में तो बाप सामने नहीं आवेंगे। मुख्य एक्टर हीरो को कहा जाता है।
हीरो तो, हीरो पार्टधारी तो शिव को थोड़े ही कहेंगे। हीरो पार्टधारी तो आलराउंड पार्ट बजाता है। हर युग में पार्ट बजाना चाहिये। हर सीन में होना चाहिये। तो राम कृष्ण की आत्माओं को ही हीरो–हीरोइन का पार्ट दिया जा सकता है।
Time: 45.22-46.32
Student: And in a *Murli* dated 29.10.99, it has been said, the Father is the Creator, the Director and the main actor. So, all these three are applicable to whom?
Baba: Who is called the Creator? In Hindi creator means *'rachayita'*.
Student: Yes.
Baba: Will the Creator be corporeal or incorporeal?
Student: He will be corporeal.
Baba: The creator as well as the creation will be corporeal.
Student: So, all these three are applicable to the corporeal only.
Baba: The director as well, the director works behind the curtain. So, the Father will not come in front of the eyes of the world. A hero is called as the main actor. Shiv will not be called a hero, a hero actor. The hero actor plays an allround part. He should play a part in every Age. He should be present in every scene. So, only the souls of Ram and Krishna can be given the parts of hero and heroine.

समय– 46.34
जिज्ञासु– और एक और मुरली में ये आया है कि गऊमुख से सच्ची गीता सुनाते हैं।
बाबा– ठीक है।
जिज्ञासु– तो गऊमुख किसको कहा जायेगा? क्योंकि ज्ञान तो सुनाया जाता है प्रजापिता ब्रह्मा के द्वारा ही, पुरूष मुख के द्वारा ही। तो फिर गऊमुख किसको कहा जाता है?
बाबा– लेकिन जो प्रजापिता के द्वारा या शंकर के द्वारा जो ज्ञान सुनाया जाता है वो पुरूष मुख है या स्त्री मुख है?
जिज्ञासु– पुरूष मुख है।
Time: 46.34
Student: And in another *Murli* it has been mentioned that the true Gita is narrated through the mouth of a cow (*gaumukh*, i.e. through a female)
Baba: It is correct.
Student: So, who will be called a *gaumukh*? Because the knowledge is narrated only through Prajapita Brahma, only through the mouth of a male. So, then who is called *gaumukh*?

Baba: But the knowledge that is narrated through Prajapita or through Shankar, is it the mouth of a male or a female?
Student: It is the mouth of a male.

बाबा– लेकिन मुरली में क्या बोला है? किसके मुख से मुरली अच्छी लगती है?
जिज्ञासु– कन्याओं माताओं के मुख से।
बाबा – कन्याओं, माताओं के मुख से। और रिजल्ट में क्या देखने में आ रहा है? कि एड्वांस नालेज जो है उसकी ओरिजिनली जो शुरूआत है किस मुख से की जा रही है?
जिज्ञासु– स्त्री मुख से।
बाबा– स्त्री मुख से कहां हो रही है? एड्वांस नालेज की शुरूआत..............
जिज्ञासु– नहीं 76 में तो पुरूष मुख के द्वारा ही हुई है। अब भी।
बाबा– अब भी तो पुरूष मुख ही है।
जिज्ञासु– हां जी।
Baba: But what has been said in the *Murli*? Through whose mouth does the *Murli* appear to be better?
Student: Through the mouth of virgins and mothers.
Baba: Through the mouth of virgins and mothers. And what is being observed in the result? Through whose mouth is the advance knowledge originally beginning?
Student: Through the mouth of a female.
Baba: Is it being given through the mouth of a female? The commencement of advance knowledge ....
Student: No, it began through a male mouth indeed in1976. Even now.
Baba: Even now it is the mouth of a male only.
Student: Yes.

बाबा– वो पुरूष मुख तो सफल नहीं होगा।
जिज्ञासु– हां जी।
बाबा– क्यों? क्योंकि सब पुरूष दुर्योधन दु;शासन है।
जिज्ञासु– तो..............
बाबा– इसलिये, विजयमाला निकलनी चाहिये। और रूद्रमाला की मुखिया भी निकलनी चाहिये। दोनों ही गौंऐं है।
जिज्ञासु– लेकिन उनमें शिव की प्रवेशता तो नहीं होती है ना।
बाबा– शिव की प्रवेशता क्यों होगी? ज्ञान सुनाने के लिये शिव की प्रवेशता जरूरी है? हं? जो सीधा, सच्चा, साफदिल आदमी होगा, वो दूसरे की कही हुई बात नमक–मिर्च मिला करके सुनायेगा या सीधी–साधी बात सुना देगा?
Baba: That male mouth will not become successful.
Student: Yes.
Baba: Why? It is because all the men are *Duryodhans* and *Dushasans*.
Student: So...
Baba: That is why, the *Vijamala* (rosary of victory) should emerge. And the head of the *Rudramala* (rosary of *Rudra*) should also emerge. Both are cows.
Student: But Shiv doesn't enter in them, does He?
Baba: Why will Shiv enter in them? Is the entrance of Shiv necessary to narrate knowledge? Hum? Will a person who is simple, true, with a clear-heart narrate the versions of others by adding salt and chilli in it (i.e. by changing the versions) or will he narrate the subject in a direct and simple manner?

जिज्ञासु– सच्ची बात सुना देगा।
बाबा– तो गऊ नाम क्यों दिया गया है?
जिज्ञासु– सीधी–साधी होने के कारण।
बाबा– सीधी–सीधी होती है, स्वभाव–संस्कार सीधे–साधे हैं, तो जैसा सुना है, वैसा ही सुनाया। नहीं तो एड़वांस नॉलेज में बड़ी मम्मा के अलग हो जाने के बावजूद भी, जो एड़वांस नॉलेज की कैसेट्स बड़ी माँ के द्वारा चलायी गयी है, वो अभी भी स्वीकृत क्यों है?
Student: He will narrate the true version.
Baba: So, why has the name of a cow (*gau*) been given?
Student: Because of being simple.
Baba: She is simple, her nature and *sanskars* are simple; so she narrated in the same way as she had heard it. Otherwise, even after the senior mother has separated (from the *yagya*) in the advance knowledge, why are the cassettes of advance knowledge narrated by the senior mother still accepted?

जिज्ञासु– क्योंकि उन्होने सच्चे दिल से सुनायी।
बाबा– सच्चे दिल से सुनायी गयी है, जो कुछ सुनाया, जो बाबा ने सुनाया वैसा ही वो उन्होंने सुनाया। एक–दो बात अंश मात्र कहीं मिक्स हो गयी हो तो बात अलग है क्योंकि एक मुख की सुनी हुई बात दूसरे मुख में जाती है, कुछ तो अंतर पड़ जाता है। लेकिन वो अंतर दूसरी आत्मायें पकड़ नहीं सकती सिवाय बाप के। और?
Student: It is because she narrated it with a true heart.
Baba: It has been narrated with a true heart. Whatever she narrated, she narrated in the same way as Baba narrated it. If one or two things would have mixed up somewhere in a small proportion then it is a different case, because when the versions heard through one mouth passes to another mouth, some difference certainly arises. But except the Father nobody can catch that difference. Anything else?

समयः 49.20
जिज्ञासु– और, एक और मुरली में बात आई है कि गीता फैमिली प्लानिंग का शास्त्र है। तो ये कैसे होता है?
बाबा– जब सच्ची गीता निकलेगी.........गीतायें दो है। एक है भगवान की बनाई हुई गीता और एक है मनुष्यों की बनाई हुई, मनुष्यों की छाप जिसपे पड़ जाती है, वो झूठी गीता है। उन दोनों का नाम भक्ति मार्ग में दिया है महागौरी और महाकाली। तो जो महाकाली है, वो सारे सृष्टि का विनाश करने के निमित्त बनती है।
Time: 49.20
Student: And one more thing has been mentioned in *Murli* that Gita is a scripture of family planning. So, how does this happen?
Baba: When the true Gita emerges…..there are two Gitas. One Gita is created by God and the other is created by human beings, the one on whom the impression of human beings is laid is the false Gita. Both of them have been named in the path of devotion as *Mahagauri* and *Mahakaali,* respectively. So, the one who is *Mahakaali* becomes an instrument in destroying the entire world.

जिज्ञासु– और अगर सूक्ष्म में................
बाबा– तब बनती है जब विजयमाला की हेड निकलती है। और वो गऊमुख द्वारा ही निकलती है। वो गऊमुख पत्थर का दिखाया गया है। माना, जैसे शिवलिंग पत्थरबुद्धि हो जाता है, वैसे गऊमुख भी जब तमोप्रधान बनता है तो क्या हो जाता है?
जिज्ञासु– पत्थर का।

बाबा– पत्थरबुद्धि हो जाता है। और?
Student: And if in subtle form…
Baba: She becomes (an instrument) when the head of *Vijaymala* (rosary of victory) emerges. And she (the true Gita) certainly emerges through the mouth of a cow (*gaumukh*). That *gaumukh* is shown to be made up of stone. It means, just as *Shivling* (the corporeal in whom Shiv enters) becomes the one with a stone-like intellect, similarly, when the (soul representing) *gaumukh* becomes *tamopradhan* (dominated by the quality of darkness or ignorance), what does it become?
Student: Of stone.
Baba: It becomes the one with a stone-like intellect. Any other question?

समयः 50.53
जिज्ञासु– और, एक और प्रश्न ये उठाया जाता है कि पी.बी.के अपने को कहते तो पी.बी.के. है, लेकिन उसकी निशानी तो उन्होने बतायी है कि एक तो सभी ये स्वीकार करे कि प्रजापिता यही आत्मा है। तो अभी तक तो सभी ने पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया है कि.....
बाबा– तो फिर निश्चय–पत्र में क्या लिखा हुआ है? निश्चय पत्र में नाम किसका दिया हुआ है?
जिज्ञासु– उसमें तो प्रजापिता के रूप में स्वीकार करते हैं।
बाबा– तो फिर। ये ना कैसे करेंगे?
Time: 50.53
Student: And another question, which is (generally) raised (on the BKInfo forum) is, the PBKs do call themselves PBKs, but they have mentioned its indication: one thing is that everyone should accept, this is the soul of Prajapita indeed. So, till now everyone has not accepted completely that….
Baba: So, what has been written in the letter of faith *(nischaypatra)*? Whose name has been mentioned in the letter of faith?
Student: In that they accept (him) as Prajapita.
Baba: So, then? How will they deny?

जिज्ञासु– सारे विश्व ने तो अभी..........
बाबा– सारे विश्व की बात थोड़े ही है। जो बच्चे बनते है उनकी बात है या सारे विश्व की बात है? बच्चा जब पैदा होता है तो बाप के घर में जाके पैदा होता है या बिना बाप के घर में जन्म लिये ही बच्चा कहा जाता है? हं?
जिज्ञासु– जब पैदा होता है तब।
बाबा– तो सारे विश्व की आत्मायें बाप के घर में जा करके एड़वांस कोर्स लेंगी?
जिज्ञासु– नहीं लेंगी।
बाबा– भट्ठी करेंगी?
जिज्ञासु– नहीं।
बाबा– फिर? बच्चे किस बात के है?
Student: Now the entire world….
Baba: It is not about the entire world. Is it about those who become children or is it about the entire world? When a child takes birth, does he go and take birth in the father's home or is he called the (father's) child without taking birth in the father's home? Hum?
Student: When he takes birth (in father's home).
Baba: So, will the souls of the entire world go and take advance course at the father's home?
Student: They will not.
Baba: Will they do *bhatti* (furnace)?

Student: No.
Baba: Then? How are they the children?

जिज्ञासु– और दूसरी बात वो कह रहे है कि जब प्रजापिता ब्रह्मा है तो फिर 100 परसेंट उनकी दृष्टि भी पवित्र होनी चाहिये लेकिन ऐसे नहीं है।
बाबाः ये कोई बात है कि जब शिवबाबा प्रवेश कर रहा है प्रजापिता में तो 100 परसेंट पवित्र बुद्धि होनी चाहिए, पवित्र वृत्ति होनी चाहिए, पवित्र कर्मेन्द्रियां होनी चाहिए। फिर तो पुरुषार्थ करने की बात ही खत्म हो जाती है। भगवान के बच्चे हैं तो ऐसे होने चाहिए, वैसे होने चाहिए। तो ज्ञान सुनाने की बात ही नहीं है। लम्बा–लम्बा–लम्बा–लम्बा, कई–कई साल तक ज्ञान सुनाने की क्या दरकार है? वो तो पक्के हो गये। भगवान के बच्चे बन गए ना। फिर। भगवान के बच्चे भगवान की पढ़ाई–लिखाई नहीं पढ़ेंगे? धारण नहीं करेंगे?
जिज्ञासुः पुरुषार्थ तो करेंगे।
बाबाः पुरुषार्थ करेंगे कि नहीं करेंगे? और?
Time:
Student: And another thing that they were saying was, when there is Prajapita Brahma, then their vision should be 100 percent pure, but it is not so.
Baba: It is not an issue that if Shivbaba is entering in Prajapita then the intellect should be 100 percent pure, the vibrations should be pure; the organs of action should be pure. Then the question of making special effort for the soul completely ends. When they are God's children, they should be like this, they should be like that. Then there is no question of narrating knowledge at all. What is the need to narrate knowledge for so long, for so many years? They have become firm. They have become God's children, haven't they? Then? Will God's children not study the knowledge of God? Will they not imbibe?
Student: They will make special effort for the soul.
Baba: Will they make special effort for the soul or not? And?

समयः 52.54
जिज्ञासुः और एक और प्रश्न ये आया है कि क्या ऐसा हो सकता है कि गुल्जार दादी के द्वारा जब अव्यक्त वाणी चल रही हो और उसी समय क्लेरिफिकेशन मुरली भी चल रही हो तो ऐसे में ब्रह्मा की सोल तो एक ही स्थान पर नही हो सकती है क्योंकि क्लेरिफिकेशन...
बाबाः ये क्या बात हुई? ब्रह्मा की सोल जो है, जब वहां वाणी चलेगी गुल्जार दादी की, उसी समय उसका क्लेरिफिकेशन दूसरे जगह कैसे हो जाता है? वाणी को तो कम–से–कम एक दिन लग जाता है आने में। हं?
जिज्ञासुः छप के आने में तो...
बाबाः जस्ट उसी मोमेंट....छप के आने की भी बात नहीं। चलो, इंटरनेट से ही आ जाए। तो भी टाइम तो लगेगा। एकदम तो नहीं आ जाती है।
Time: 52.54
Student: And another question which has been asked is, can it be possible that when *Avyakta Vani* is being narrated through *Gulzar Dadi* and at the same time clarification *Murli* is being narrated as well; so in such a case Brahma's soul cannot be present only at one place because clarification.....
Baba: What is this? The soul of Brahma, when the *Vani* will be narrated there through *Gulzar Dadi*; at the same time, how is its clarification given at another place (for the same *vani*)? The (printed) *vani* takes at least one day to reach. Hum?
Student: To receive the printed copy...
Baba: Just at the same moment...It is not even the question of the printed copy. OK, even if it comes through internet. Even then it will take time. It does not come immediately.

समयः 53.52–
जिज्ञासुः और एक बात जो है अभी अव्यक्त वाणी में पिछले साल भी आयी था और इस साल भी फिर अभी जो पहली अव्यक्त वाणी चली है उसमें भी रिपीट हुआ है कि, ''फिर भी बापदादा, दोनों को समाने का पार्ट बच्ची ने अच्छा बजाया है।'' तो इस प्वाइंट को लेके, पिछले साल भी आया था ये प्वाइंट। तो उसको लेके बी.के. वाले कह रहे हैं कि आप तो कहते हैं गुल्जार दादी में शिवबाबा नहीं आते हैं लेकिन यहां तो बार–बार अव्यक्त बापदादा कह रहे हैं कि गुल्जार बच्ची में....
Time: 53.52
Student: And another thing that was mentioned in an *avyakta vani* last year as well as it has been repeated in the first *avyakta vani* that was narrated in this year is, "even then the daughter has played the part of assimilating both Bap and Dada nicely." So, quoting this point, that was mentioned (by Bapdada) last year also, the BKs are saying: you say that Shivbaba does not come in *Gulzar Dadi*, but here *Avyakt* Bapdada is saying repeatedly that in *Gulzar Dadi*...

बाबाः जैसे बाबा बोलते हैं....
जिज्ञासुः....बाप और दादा....
बाबाः हां, वो समझ गया। जैसे बाबा बोलते हैं कुमारिका, जैसे बाबा बोलते हैं जगदीश भाई, जैसे बाबा बोलते हैं रमेश भाई, तो ये हद के रमेश भाई, गुल्जार हैं या बेहद के हैं?
जिज्ञासुः बेहद के हैं।
बाबाः ये बेहद के हैं? ये दुनिया का गुले–गुल्ज़ार करके दिखायेंगे?
जिज्ञासुः नहीं, वो जो है....
Baba: For example, when Baba says....
Student: ....Bap and Dada....
Baba: Yes, I have understood (what you want to say). For example, when Baba says '*Kumarika*'; Baba says *'Jagdish bhai'*, for example, Baba says *'Ramesh bhai*; so are these limited *Ramesh bhai*, *Gulzar* or are they the unlimited ones?
Student: They are in an unlimited sense.
Baba: Are these in an unlimited sense? Will they make the world a garden *(gule-gulzar)*?
Student: No, they ....

बाबाः नहीं, ऐसे नहीं है। ये कोई बात हुई? गुल्ज़ार नाम रख देने से गुल्जार नाम थोड़ेही हो जायेगा। गुल्ज़ार तो उसे कहा जाता है जो दुनिया को गुले–गुल्ज़ार करके दिखाये अपने जीवनकाल में। स्वर्ग के गेट खोले। गुल्ज़ार उनके लिए लागू नहीं होता है। गुल्ज़ार लागू होता है राम–कृष्ण की आत्माओं की आत्माओं को जिस महाकाली ने अपने अंदर धारण करके दिखाया हुआ है। अभी भी दोनों ` आत्मायें, स्मृति–चक्र में घूम रहे हैं। ब्रह्माकुमारियां रामवाली आत्मा को याद करेंगी? करेंगी या नफरत करती हैं?
जिज्ञासुः वो तो नफरत करती हैं।
बाबाः फिर?
Baba: No, it is not like this. It is not right. Will one become *Gulzar* just by being named as *Gulzar*? That person is called *Gulzar* who turns this world into a garden, opens the gate of heaven during her lifetime. *Gulzar* is not applicable to her (the limited one). *Gulzar* is applicable to *Mahakali* who has assimilated the souls of Ram and Krishna in herself. Even now, both the souls are revolving in her memory wheel. Will Brahmakumaris remember the soul of Ram? Will they (remember him) or do they hate him?

Student: They hate him.
Baba: Then?

समयः 55.44—
जिज्ञासुः और एक और बात ये है कि अभी प्रकाशमणि दादी के गुजर जाने के बाद शांतिवन में उन्होंने एक शक्तिस्तंभ खड़ा किया है जैसे ब्रह्मा बाबा के लिए शांतिस्तंभ खड़ा किया था। तो उसमें जो है एक खास बात देखने में आयी है कि आज तक जितने भी ब्रह्माकुमारी आश्रमों में शिवबाबा की जो लाईट होती है वो लाल कलर की होती है लेकिन ये जो शक्तिस्तंभ है, इसमें जो है जो स्तंभ के ऊपर जो लाईट बनायी है वो हरे कलर की बनायी है, हरे कलर का कोई पत्थर जडा हुआ है। लेकिन...
Time: 55.44
Student: And another thing is that now after *Prakashmani Dadi* has left her body they have erected a *shaktistambh* (tower of power) in *Shantivan* (BK premises at Abu Road) like they prepared the *shantistambh* (tower of peace) for Brahma Baba. So, a special thing has been observed in it that till now Shivbaba's light at all the Brahmakumari *ashrams* which are there, used to be of red colour; but they have made a green coloured light in this *shaktistambh* at the top of the tower . They have engraved a green stone on it. But...

बाबाः अच्छा बनाया है। ड्रामा प्लान अनुसार ठीक बनाया है। जो विषयी रंग होते हैं, विषैले रंग वो तीन ही होते हैं। या तो नीला, या तो काला, या हरा। सर्प के मुंह में से जो, भांति—भांति के सर्प होते हैं ना, उनके मुंह में से जो विष निकलता है वो भी तीन रंगों का होता है। या तो हरा, या तो नीला या तो काला। जो झाड़ के चित्र में इब्राहिम बैठा हुआ दिखाया गया है, उसकी पोशाक कैसी दिखाई गई है?
जिज्ञासुः हरी।
बाबाः हरी दिखायी गयी है। क्यों? क्या दिखाने के लिए हरी पोशाक दिखायी गयी है? और दूसरे धर्मपिताओं की ऐसी पोशाक क्यों नहीं दिखायी है?
जिज्ञासुः वो उल्टा ज्ञान सुनाते हैं।
Baba: They have made it rightly. They have built it correctly as per drama plan. There are only three vicious colours, poisonous colours. It is either blue or black or green. From the mouth of the snakes… there are different kinds of snakes, aren't there? The poison that emerges from their mouth is also of three colours. It is green, blue, or else black. What is the colour of the dress of Abraham who has been shown to be sitting in the picture of the '*Kalpa* Tree'?
Student: Green.
Baba: It has been shown green. Why? Green dress has been shown to depict what? Why haven't the other religious fathers been shown to be wearing such dress?
Student: He narrates opposite knowledge.

बाबाः हां, विशैला ज्ञान सुनाते हैं। कुमारिका दादी ने कन्याओं को सरेंडर किया और कन्याओं को सरेंडर करने के तुरंत बाद भाईयों को सौंप दिया। जाओ इनकी परवरिश करो, इनकी रक्षा करो, इनके पति बनो और पति बनके बैठे हुए हैं। जब पुलिस आश्रमों में घुस—घुस करके वो सारा कबाड़ा पकड़ेगी तब ये सारी बातें आउट होंगी। किसी का कुछ भी छुपा नहीं रहेगा। अभी तो खुला खेल फर्रूखाबादी चल रहा है, उसके ऊपर दुनिया भर के दोष मढ़े जा रहे हैं।
जिज्ञासुः अभी तो एडवांस पार्टी वालों के ऊपर लांछन लगाते हैं कि ये पतित हैं, पतित हैं, लेकिन अब भी....

Baba: Yes, he narrates poisonous knowledge. *Kumarika Dadi* made the virgins to surrender and soon after making the virgins surrender, she handed them over to the brothers. (She told the brothers) Go and take care of them, guard them, become their husbands and they have assumed the position of their husbands. When the Police enters the *ashrams* and catches all that garbage then all these issues will come out (in public). Nothing of anyone will remain hidden. Now the drama of *Farrukhabadi* (resident of Farrukhabad) is going on openly; all kinds of charges are being leveled against him.
Student: Now they are levelling charges against the members of the Advance Party that they are sinful, they are sinful, but even now....

समयः 57-47
जिज्ञासुः अभी हाल ही में बी.के.इन्फो पर किसी ने जानकी दादी का एक लैटर....
बाबाः अब वो हरा रंग बदल देंगे ये कैसेट सुन करके।
जिज्ञासुः लेकिन उसका प्रूफ तो छप गया ना बाबा। दो–तीन मैगजीनों में वो फोटो छपा है, कलर फोटो जिसमें वो हरा कलर नजर आ रहा है।
बाबाः हां, जी, हां जी।
जिज्ञासुः और मैंने एक–दो बी.के. से पूछ के ये कन्फर्म भी कर लिया। तो उन्होंने कहा वो पत्थर है, हरा पत्थर है।
Student: Now recently someone produced a letter of *Janaki Dadi* on BKInfo...
Baba: Now they will change that green colour after listening to this cassette.
Student: But Baba its proof has already been published, hasn't it? That photograph, a colour photograph has been published in two or three magazines, in which that green colour is visible.
Baba: Yes, yes.
Student: And I have got it confirmed from one or two BKs as well. They said, it is a stone, a green stone.

बाबाः जो सीढ़ी का चित्र है ना। सीढ़ी के चित्र में जो दुःशासन द्रौपदी को नगन कर रहा है, उसे चुंगीदार पायजामा और अचकन जो दिखाई गई है ना, वो पहले जगदीश भाई पहनते थे। फिर जैसे ही एडवांस पार्टी में ये प्वाइंट निकला, फिर उन्होंने फट से चेन्ज कर दिया। पीला कुर्ता और सफेद धोती वाला दिखा दिया।
जिज्ञासुः अच्छा।
बाबाः और सारे चित्र ही, चारों चित्र ही चेंज कर दिये। गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं।
Baba: There is a picture of the Ladder, isn't it? In the picture of the Ladder, *Dusshasan* who is stripping off *Draupadi* has been depicted to be wearing a *chungidaar* (tight) *pyjama* and *achkan* (coat). Earlier *Jagdish bhai* (a BK brother) used to wear that kind of dress. Then as soon as this point emerged in the Advance Party, they changed the picture immediately. They showed him to be wearing a yellow *kurta* and white *dhoti*.
Student: I see.
Baba: And they changed all the pictures, all the four pictures. They change colours like chameleons.

समयः 58.42
जिज्ञासुः बी.के.इन्फो साइट पर अभी हाल ही में किसी ने जानकी दादी का एक ईमेल पब्लिश (प्रकाशित) कर दिया था। तो उसमें ये समाचार जानकी दादी ने सारे बी.के.सेन्टर्स को ये ई–मेल भेजा था कि 16 अक्तूबर को दादी मनोहर कोमा में चली गयी है, जिनका जिक्र मुरलियों में भी आता रहता है, मनोहर दादी का।

बाबाः हां,जी, हां, जी।
Time:
Student: Now recently someone published an e-mail of *Dadi Janaki* on BKInfo site. So, in that *Dadi Janaki* circulated the news to all the BK centres through e-mail that *Dadi Manohar*, whose name is mentioned in the *Murlis* also, has gone into coma on 16th October.
Baba: Yes, yes.

जिज्ञासुः तो उन्होंने ई–मेल में सभी बी.के. सेन्टर वालों को ये कहा कि दादी के प्रति प्यार के प्रूफ के तौर पर हम उनको योग द्वारा सकाश दें।
बाबाः मनोहर दादी को?
जिज्ञासुः हां, क्योंकि वो जैसे प्रकाशमणि दादी के लिए कहते थे कि योग लगाओ, योग लगाओ। वैसे अभी मनोहर दादी के लिए भी कहने लगे कि प्यार के प्रूफ के तौर पर उनके लिए योग लगायें। सभी सेन्टरों पर सामुहिक योग करें।
बाबाः हां।
Student: So, in that e-mail she told the members of all the BK centers that we should give her *(Dadi Manohar) sakash* (searchlight) through *yog* as a proof of our love for *Dadi.*
Baba: To *Manohar Dadi*?
Student: Yes, because just as they used to say for *Dadi Prakashmani* that you should do *yog,* do *yog* similarly, now they started saying for *Manohar Dadi* that they should do *yog* as a proof of love (for her). A collective *yog* should be performed at all the centres.
Baba: Ok…

जिज्ञासुः तो ये तो श्रीमत के विरुद्ध हुआ कि किसी एक आत्मा के लिए पर्टिकुलरली (विशेष) हम योग लगायें।
बाबाः तो लगाव–झुकाव कैसे साबित होगा? अगर ये बात घोषित नहीं करेंगे तो लगाव–झुकाव साबित कैसे होगा कि दादियों का दादियों के साथ लगाव–झुकाव है? दुनिया की और आत्माओं के साथ नहीं है।
जिज्ञासुः हां जी।
Student: So, it is against *shrimat* to do *yog* particularly for a soul.
Baba: Otherwise, how will the attachment and inclination be proved? If they do not declare this, then how will the attachment and inclination be proved that *Dadis* have attachment and inclination towards *Dadis*? But not for other souls of the world.
Student: Yes.

बाबाः अच्छा ही है। फिर योग वाली बात जो है, वो तो योग उनका साबित ही नहीं होता। किससे योग? उनका योग है कहां? बिन्दी को याद करना कोई योग होता है? किसके साथ योग किया? हं?
जिज्ञासुः बिन्दी।
बाबाः बिन्दी? कौनसी बिन्दी?
जिज्ञासुः बिन्दी का तो पता नहीं चलता।
बाबाः फिर, पता नहीं चलता। फिर योग कहां हुआ। किस आत्मा के साथ लगन हुई। लगाव कहां सूचित हो रहा है। अरे, सब ढकोसला है।
Baba: It is good. Then the issue of *yog,* their's is not proved as *yog* at all. *Yog* (i.e. connection) with whom? Their's is not yog. Is it called *yog* to remember a point (*bindi*)? With whom did they make *a* connection? Hum?
Student: *Bindi* (a point).
Baba: *Bindi*? Which *bindi*?

Student: One cannot know which *bindi.*
Baba: Then? If one does not come to know then is it yog? The dedication was with which soul? The attachment is being indicated for whom? Arey, all this is a show.

जिज्ञासु: अब, ये लेटर जब वेबसाईट पर डाल दिया, तो विदेशी तो पहचान गये कि एक तरफ से तो ये कहते हैं कि एक बाप दूसरा न कोई, दूसरी तरफ कहते हैं कि इस दादी के लिए योग करो, उस दादी के लिए योग करो।
बाबा: फिर।
जिज्ञासु: तो फिर एक बाप दूसरा न कोई कैसे हो जायेगा?
बाबा: फिर?
जिज्ञासु: वो कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं।
Student: Well, when this letter was posted on the website, the foreigners realized that on the one side they (i.e. BKs) say 'one Father and none else' and on the other side they say to do *yog* for this *Dadi*, for that *Dadi.*
Baba: So?
Student: So, how will it be 'one Father and none else'?
Baba: Then?
Student: They say something and do something else.

बाबा: तो ये अब पता चला विदेशियों को?
जिज्ञासु: पहले तो भक्तिमार्ग की तरह फालो कर रहे थे ना उनको।
बाबा: नहीं, नहीं, ये एडवांस नालेज सन 76 से निकली हुई है, तब से पता नहीं चला?
जिज्ञासु: तब उन तक पहुंचा नहीं था ना ज्ञान।
बाबा: प्रैक्टिकल करके देखते हैं। ऐसे भगवान की बात नहीं मानते, जो मुरलियों से ही साबित हो रही है।
जिज्ञासु– पहले तो इन्होने सारा छुपा के रखा था ना एड़वांस ज्ञान को। अब तो इंटरनेट के द्वारा सब जगह फैल रहा है तो अब उनको पता चल रहा है कि भई जो बी.के. वाले कर रहे हैं वो भक्तिमार्ग है और जो एड़वांस में हो रहा है वो ज्ञानमार्ग है।
Baba: So, have the foreigners come to know of it now?
Student: Earlier they were following them like in the path of worship, weren't they?
Baba: No, no. Did they not come to know ever since this advance knowledge has emerged in 1976?
Student: At that time the knowledge had not reached them, had it?
Baba: They do in practical first and see (the result). They do not accept the versions of God easily, which is being proved through the *Murlis* only.
Student: Earlier they kept the entire advance knowledge hidden, didn't they? Now it is spreading everywhere through the internet. So, now they are coming to know that whatever BKs are doing is the path of devotion and whatever is happening in the advance (party) is the path of knowledge.
……………………………………………………………………………………
Note: The words in italics are Hindi words. Some words have been added in the brackets by the translator for better understanding of the translation.